दुश्मन

डेविड कैली

सर्ज ब्लॉक



युद्ध चल रहा है।



यह कुछ ऐसी जगह है, जो एक रेगिस्तान हो सकती है...

...यहाँ रेत में दो छेद हैं।

उन छेदों में दो सैनिक हैं।



वे एक-दूसरे के दुश्मन हैं।

डेविड कैली

सर्ज ब्लॉक

दुश्मन

दुश्मन निश्चित तौर पर वहाँ है
लेकिन फिर भी आप उसे कभी देख नहीं सकते।

हर सुबह, मैं उठता हूँ
और उस पर गोली चलाता हूँ।

फिर वो भी मुझ पर गोली चलाता है।
बाकी पूरे दिन हम छिपे रहते हैं,
और एक-दूसरे का सिर देखने का इंतज़ार करते हैं।

लेकिन हम दोनों में से कोई भी कभी
छेद के ऊपर अपना सिर बाहर नहीं निकालता।

भले ही मुझे भूख लगी हो, फिर भी मैं इंतज़ार करता हूँ।
मैं तब तक इंतज़ार करता हूँ
जब तक कि दुश्मन अपनी आग नहीं जलाता।
क्योंकि अगर मैंने अपनी आग पहले जलाई,
तो दुश्मन उसे देखकर मेरे करीब आकर
मुझे मार सकता है।

लेकिन कभी-कभी मुझे बहुत भूख लगती है
तब मैं पहले अपनी आग जलाता हूँ।
फिर दुश्मन भी तुरंत अपनी आग जलाता है।

मैँ अकेला हूँ।
माइकल की मौत के बाद से,
यहां और कोई नहीं आया है।

दुश्मन भी अकेला ही होगा।
क्योंकि वह एक-बार में केवल एक ही गोली चलाता है।
हां, मुझे यकीन है कि वह भी अकेला ही है।

और वह भी भूखा होगा। बस यही दो बातें हैं
जो हममें एक-समान हैं, दुश्मन और मुझ में।
वैसे हमारे बीच में बहुत बड़ा अंतर है।
मेरा दुश्मन एक खूंखार जानवर है। वो दया नहीं जानता।

वह औरतों और बच्चों को भी मारता है।
वह बिना किसी कारण के हत्या करता है।
यह युद्ध उसकी गलती के कारण है।
मैं यह सब इसलिए जानता हूं क्योंकि मैं बेवकूफ नहीं हूं।
मैंने इसके बारे में अपने मैनुअल में पढ़ा है।

यह मैनुअल हमें दुश्मन के बारे में वह सब कुछ बताता है जो हमें जानना चाहिए:
इसमें लिखा है कि हम अपने दुश्मन को पहले मार डालें, इससे पहले कि वह हमें मार डाले,
क्योंकि दुश्मन बेहद क्रूर और निर्दयी है।
अगर वह हमें मार देगा, तो फिर वह हमारे परिवारों को भी खत्म कर देगा।
लेकिन यह सब उसे संतुष्ट करने के लिए काफी नहीं होगा।
वह हमारे कुत्तों को भी मार डालेगा, और फिर हमारे सभी जानवरों को भी।
वह हमारे पेड़ों को जला देगा और हमारे पानी को ज़हरीला कर देगा।
दुश्मन, कोई इंसान नहीं है।



युद्ध के पहले दिन - बहुत समय पहले,
उन्होंने हम में से हरेक फौजी को
एक बंदूक और एक मैनुअल दिया था।

कभी-कभी मुझे लगता है कि सब लोग हमें भूल गए हैं।
कभी-कभी हफ़्ते, महीने बीत जाते हैं,
जब तोप की कोई आवाज़ सुनाई नहीं देती।

शायद युद्ध ख़त्म हो गया हो।
या शायद सब लोग मर चुके हों,
और बस हम दो आखिरी सैनिक बचे हों,
हम में से जो बचेगा, वो युद्ध जीत जाएगा।
कभी-कभी मुझे लगता है कि अब दुनिया बची ही नहीं है।

अब खाने के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचा है।
मेरे पास बस कुछ मीट और कुछ विटामिन की चिक्की बची हैं।
एक बार तो मैंने एक छिपकली को लगभग पकड़ ही लिया था।
वह मेरे छेद के ठीक सामने आई। मैं उसे पकड़ सकता था।
लेकिन मैंने सोचा, "अगर उसने मुझे छिपकली खाते हुए देखा,
तो दुश्मन सोचेगा कि मैं बेहद हताश हूँ।"

खुशकिस्मती से, पास में एक कुआँ है
जहाँ से मैं पानी पी सकता हूँ।
लेकिन मुझे सावधान रहना होगा
और बड़ा चौकन्ना रहना होगा:
दुश्मन उसमें ज़हर डाल सकता है।



रात में, मेरे बिल के ऊपर का आसमान तारों से भरा है।
तारे मुझे सोचने पर मजबूर करते हैं।
मुझे वहां ऊपर जाकर नीचे देखना अच्छा लगेगा।
कभी-कभी मैं अचरज करता हूँ कि दुश्मन क्या सोच रहा होगा:
क्या वह भी तारों को निहार रहा होगा?
अगर वह वो भी तारे देखता, तो वह यह जरूर समझ जाता कि
यह युद्ध कितना बेमानी है और उसे बंद करना चाहिए।



मैं लड़ाई रोकने की पहल नहीं करूंगा,
क्योंकि तब दुश्मन मुझे मार डालेगा। उसे ही लड़ाई रोकनी होगी।
अगर ऐसा होगा, तो फिर मैं उसे नहीं मारूँगा।
क्योंकि आखिर मैं एक मनुष्य हूं।
अगर दुश्मन तारों की ओर देखता तो वह जरूर समझ जाता।
जब आप तारों को देखते हैं, तो आप बहुत सी बातें समझ जाते हैं।

हर बार जब बारिश शुरू होती है,
तब मुझे लगता है कि हमें सच में
इस युद्ध को खत्म कर देना चाहिए।
लेकिन मुझे नहीं पता कि वह कैसे होगा।
शायद यह बात आला अफसरों को ही पता हो।
लेकिन वे उसका मुझे कुछ भी जिक्र नहीं करते।



बारिश शुरू हो गई है. हमेशा ऐसा ही होता है:
बहुत गर्मी, उसके बाद बारिश। मुझे बारिश से नफ़रत है।
मुझे गर्म मौसम नापसंद नहीं, लेकिन बारिश उससे भी खराब है।

आज मैं पूरी रात सोचता रहा।
बारिश के शोर ने मुझे सोने नहीं दिया।
इसलिए मैं लगभग पूरी रात सोचता रहा।
अगले हफ़्ते आसमान में चाँद नहीं दिखेगा।
तब अगर मैं अंधेरे में अपने बिल से बाहर निकला
तो फिर दुश्मन मुझे देख नहीं पाएगा।
अगले हफ़्ते युद्ध ख़त्म होने वाला है।

मैं तैयार हूं।
दुश्मन को लगता है कि मैं सो रहा हूँ,
लेकिन उसका सोच गलत है।
मैंने अपना तीसरा भेष धारण किया है:
अब मेरे सिर और पीठ पर शाखे हैं।
अब मैं बाहर जा रहा हूं।

बाहर थोड़ी ठंड है।
लेकिन मेरा नया भेष मुझे गर्म रखता है।
मैं धीरे-धीरे दुश्मन के बिल की ओर रेंगता हूं।
उसे इस सरप्राइज़ की उम्मीद नहीं है, इतना तो पक्का है।
उसे लगता है कि मैं सो रहा होऊँगा, हर रात की तरह।
लेकिन मैं उसके बिल की ओर रेंगकर जा रहा हूँ
उसे मार डालने के लिए।
इस तरह युद्ध ख़त्म हो जाएगा।
फिर मैं घर जाकर अपने परिवार से दुबारा मिल सकूंगा।

फिर मैंने एक बड़ी बेवकूफी की।
मैनुअल में लिखा है कि
आपको कभी भी रात में बाहर नहीं जाना चाहिए।
ज़ाहिर है, शेरों की वजह से।
मैंने अभी एक शेर देखा है।
मैंने भला इतना बेवकूफी कैसे की?



बेहतर यही होगा कि मैं शांत रहूँ।
शेर अंधेरे में देख सकते हैं।
उनके सूंघने की शक्ति भी तेज़ होती है।
वे पूरे अंधेरे में भी अपने शिकार को
महसूस कर सकते हैं।

मैं भाग्यशाली हूं।
शेर चला गया है।
अब आगे सबकुछ ठीक-ठाक होगा,
मुझे ऐसा यकीन है।

मैं धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा हूँ।
मैं लगभग वहाँ पहुँच गया हूँ।
लेकिन मैं तुरंत फायर नहीं करूंगा।
मैं पहले अपने दुश्मन का चेहरा देखूँगा।
हाँ, दुश्मन का चेहरा!
फिर मैं उसे मार डालूंगा।

लेकिन वहाँ तो कोई नहीं है।
दुश्मन के बिल तो एकदम खाली है।
मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है। उसे यहीं होना चाहिए था।
वह हमेशा यहीं रहता था। लेकिन अब वहाँ कोई नहीं है।
वहाँ उसका कुछ सामान जरूर है।
वहाँ कुछ मीट और कुछ विटामिन की चिक्की जरूर हैं।

कुछ तस्वीरें भी हैं –
जो शायद उसके परिवार की हों...
उसका कोई परिवार होगा? मुझे इसकी कोई उम्मीद नहीं थी।
उन्होंने हमें इस बारे में कुछ नहीं बताया था।
मुझे आश्चर्य है कि अगर परिवार उसके घर आने का
इंतजार कर रहा होगा तो फिर वो वह महिलाओं
और बच्चों को भला कैसे मार सकता है।
फिर वह किस तरह का राक्षस है?

और यह क्या है? एक मैनुअल।
बिल्कुल मेरे जैसा मैनुअल। यह तो वही है।
नहीं, इसमें बस एक अंतर है...
इस मैनुअल में दुश्मन का चेहरा मेरा है!
लेकिन मैं ऐसा नहीं हूं। मैं कोई राक्षस नहीं हूं।
मैंने कभी औरतों या बच्चों को नहीं मारा है।

मैं एक मनुष्य हूँ।
यह मैनुअल झूठ से भरा है।
यह युद्‌ध मैंने शुरू नहीं किया!
मैं कभी जानवरों को नहीं मारूंगा,
न ही पेड़ों को जलाऊंगा,
और अगर दुश्मन आत्मसमर्पण कर दे
तो मैं उसके कुएं में ज़हर भी नहीं डालूंगा।

सुबह होने को है, और अभी भी दुश्मन का कोई पता नहीं है।
मुझे पता है कि अब वह कहाँ है। दुश्मन मेरे बिल में है!
वह भी सोते समय मुझे एक सरप्राइज़ देना चाहता था,
ताकि वह इस युद्ध को खत्म कर सके!
और अब वह यह भी जानता है कि मैं उसके बिल में हूँ,
और अब मैं वहाँ से बाहर नहीं आ सकता हूँ।

अब मुझे इतना पता है कि दुश्मन भी काफी थक गया है।
मुझे पता है कि घर पर उसका परिवार, उसका इंतज़ार कर रहा है।
अगर यह युद्ध खत्म हो जाए,
हम दोनों अपने-अपने घर वापस जा सकते हैं।
काश युद्ध खत्म हो जाए। मुझे लगता कि अब जंग जल्दी ही खत्म होगी।

वह मुझे एक संदेश भेज सकता है:
देखो, हम अब युद्ध ख़त्म कर रहे हैं।
अगर उसने मुझे ऐसा संदेश भेजा,
तो मैं उसे तुरंत स्वीकार कर लूंगा।
अब वह किस बात का इंतज़ार कर रहा है?

मैंने काफी इंतज़ार किया है।
आसमान में बड़े-बड़े काले बादल छा गए हैं।
फिर से बारिश होने वाली है, और मुझे बारिश से नफ़रत है।

फिर मैंने अपने रूमाल पर एक संदेश लिखा।
और उसे एक प्लास्टिक की बोतल में डाला।

फिर मैंने बोतल बंद की,
और ध्यान से निशाना लगाकर उसे जोर से फेंका।

आशा है कि मेरी बोतल उसके बिल में जाकर गिरेगी...



युद्ध चल रहा है। हमें जो दिखता है वो एक रेगिस्तान हो सकता है,
जिसमें दो छेद हैं। छेदों में दो सैनिक हैं।
वे एक-दूसरे के दुश्मन हैं।

डेविड कैली बच्चों और बड़ों के लिए सचित्र किताबें लिखने वाले यूरोप के सबसे सफल लेखकों में से एक हैं। मशहूर फ्रेंच चित्रकार सर्ज ब्लोच को अमेरिकन सोसाइटी ऑफ़ इलस्ट्रेटर्स गोल्ड मेडल मिला है।
द एनिमी उन दोनों की दूसरी पुस्तक है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल, ऑस्ट्रेलिया मानव अधिकारों और सम्मान की रक्षा करने वाले ग्लोबल आंदोलन का हिस्सा है। यह मानव अधिकारों के सम्मान की मांग करने और गलत व्यवहार का सामना कर रहे लोगों की रक्षा करने के लिए काम करता है। ऐसा करने के लिए, संगठन लोगों को इकट्ठा करता है, कैंपेन चलाता है, रिसर्च करता है और अपने काम के लिए पैसे जमा करता है। यह एक ऐसे कल्चर को बढ़ावा देता है जहाँ मानव अधिकारों कोदोनों अपनाया जाता है, महत्व दिया जाता है और उनकी रक्षा की जाती है।

www.amnesty.org.au